**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 19 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

1. संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू होगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से मॉनसून सत्र की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया।
2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ से सभी जिला उपायुक्तों व विद्यालय प्रबंधन समितियों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया।
3. मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग का स्कूल एक्रीडिटेशन हरियाणा पोर्टल जारी किया।
4. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने पहली बार जापान ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब जीता - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारतीय बैडमिंटन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।
5. मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 20 से 23 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया। 20 से 22 जुलाई तक हरियाणा में कहीं कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई।

**************************************************************************

संसद का मॉनसून सत्र कल से शुरू होगा। आज इस संबंध में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे संसद के मॉनसून सत्र की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करें। मीडिया से बातचीत में श्री रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इस मॉनसून सत्र के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने में योगदान और सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संसद सभी की है और इस दौरान सरकार विभिन्न

विधायी कार्य करेगी और विधेयक प्रस्तुत करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विपक्ष और सत्ता पक्ष के सदस्य रचनात्मक रूप से इसमें भाग लेंगे। श्री रिजिजू ने कहा कि संसद जितनी कुशलता से काम करेगी, देश के लिए उतना ही अच्छा होगा।

कोई पार्टी या कोई मेंबर अपना जो भी बात रखना चाहता है पार्लियामेंट में पूरा रख सकते हैं। मैं विपक्ष के साथियों को कहना चाहता हूं कि पहले में भी पार्लियामेंट को चलाने में दिक्कत आई थी क्योंकि हंगामा बहुत ज्यादा हुआ था लोग चाहते हैं कि पार्लियामेंट सुचारू रूप से चले इसलिए मैं फिर से सब पार्टी के नेताओं को मैं अनुरोध करता हूं कि पार्लियामेंट अच्छी तरह से चले इसमें सब लोग योगदान करें और हम भी विपक्ष की बात सुनेंगे और विपक्ष भी हमारी बात सुने।

श्री रिजिजू ने कहा कि यह बार-बार साबित हो चुका है कि संसद में व्यवधान डालने से कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष की बात सुनने को तैयार है और उसे उम्मीद है कि विपक्ष भी सरकार की बात को सुनेगा। उन्होंने कहा कि सदन में व्यवधान डालने से सभी का समय बर्बाद होता है और करदाताओं का पैसा भी व्यर्थ हो जाता है।

**************************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में सभी जिला उपायुक्तों व विद्यालय प्रबंधन समितियों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी उनके साथ मौजूद रहे। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने मॉनसून सीजन के दौरान पौधे लगाने, स्वच्छता और नशा मुक्ति पर केंद्रित गतिविधियों पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शिक्षा विभाग का स्कूल एक्रीडिटेशन हरियाणा पोर्टल भी जारी किया।

*****************************************************************
***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आज विद्यालय प्रबंधन समितियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किए संवाद में हिसार के गंगवा गांव के पी एम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल से अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल,जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन,शिक्षकों,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों व अभिभावकों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री के साथ संवाद में स्कूल के प्रिंसिपल जय भगवान ने स्कूल की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।मुख्यमंत्री नायब सिंह ने स्कूल की खेल प्रतिभाओं के बारे में भी जानकारी ली व स्कूल की प्रशंसा की।

जिला शिक्षा अधिकारी राम रतन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पर्यावरण, स्वच्छता और नशा मुक्ति पर काम करने पर बल दिया।

*****************************************************************
***********

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने पहली बार जापान ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। यह खिताब जीतने वाली वे पहली भारतीय हैं। फाइनल में सिंधु ने तीन बार की विश्व विजेता रही जापान की अकाने यामागुछी को लगातार सेटों में 21-17, 21-17 से हराया। सिंधु ने दो वर्ष से अधिक समय के अंतराल के बाद किसी सुपर 750 प्रतियोगिता का खिताब जीता है।इससे पहले उन्होंने 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता जीती थी। पी वी सिंधु जापान ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। सेमीफाइनल में उन्होंने चेन युफेई को हराया था।

*****************************************************************
***********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान ओपन 2026 में महिला सिंगल्स का खिताब जीतने पर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस जीत को भारतीय बैडमिंटन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान उनका दृढ़ संकल्प और असाधारण कौशल स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। श्री मोदी ने कहा कि पीवी सिंधु की यह जीत देश भर के युवा खिलाड़ियों को बैडमिंटन में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

*************************************************************************

हरियाणा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली दो तिमाहियों के दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज चंडीगढ़ में बताया कि तंबाकू-मुक्त शैक्षणिक संस्थान संबंधी दिशा-निर्देशों के तहत 12,865 शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू-मुक्त घोषित किए जाने के साथ हरियाणा तंबाकू नियंत्रण में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू नियंत्रण प्रतिज्ञाओं की संख्या के मामले में भी देश में दूसरा स्थान हासिल किया है, जो व्यापक जनभागीदारी और मजबूत अंतर-विभागीय तालमेल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों को तंबाकू-मुक्त बनाने की दिशा में भी तेजी से प्रगति कर रही है, जिसके तहत 1,128 गाँवों को पहले ही तंबाकू-मुक्त घोषित किया जा चुका है ।

उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों का कड़ाई से पालन करते हुए रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, कोटपा 2003 की धारा 4 के तहत 3 हजार 848 उल्लंघनकर्ताओं के चालान किए गए, जिससे जुर्माने के रूप में एक लाख 82 हजार रुपए वसूल किए गए। इसके अलावा, प्रवर्तन एजेंसियों ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध

अधिनियम, 2019 के तहत छह मामले दर्ज किए और 33 इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का स्टॉक जब्त किया।

***********************************************************************

मौसम विभाग ने पंजाब , हरियाणा और चंडीगढ़ में 20 से 23 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 20, 22 और 23 जुलाई तक कई जगहों पर और 21 जुलाई को ज़्यादातर जगहों पर बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि आज, 24 और 25 तारीख को कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार हरियाणा में 20 से 22 तारीख के बीच कहीं कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

***********************************************************************

हरियाणा राज्य मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की फरीदाबाद यूनिट ने एक नशा तस्कर को 13 ग्राम 24 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पलवल के गांव बड़ौली निवासी नीरज उर्फ नीरा के रूप में हुई है। फरीदाबाद यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को काबू किया और उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

***********************************************************************

फरीदाबाद जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण - (एसआईआर)-2026 अभियान अंतिम चरण में है। मतदाता सूची के अद्यतन एवं शुद्धिकरण के लिए गणना प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि **24 जुलाई** निर्धारित की गई है। फरीदाबाद जिले के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **आयुष सिन्हा** ने सभी पात्र मतदाताओं से

अपील की है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और जल्द से जल्द अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी  को जमा कराएं। **31 जुलाई 2026** को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा।

***********************************************************************